कवि राजेन्द्र जोशी को साहित्य मित्र सम्मान

बीकानेर,(कासं)। शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान की ओर वरिष्ठ कवि कथाकार राजेन्द्र जोशी का एकल काव्य पाठ और नागरिक अभिनंदन किया।

तपसी भवन मे आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यंग्यकार बुलाकी शर्मा थे। उन्होंने कहा कि जोशी ने साहित्य सृजन को नए आयाम दिए हैं। उनके साहित्य में विषयों की वैविध्यता के साथ स्थानीय पुट देखने को मिलता है। इनकी कहानियां और कविताएं हमारे आसपास तैरने वाले विषयों के साथ न्याय करती है। जोशी कथेतर साहित्य पर कार्य करने वाले गिने चुने साहित्यकारों में शामिल हैं।

वरिष्ठ स्तंभलेखक डॉ. अजय जोशी ने कहा कि साहित्य और साहित्यकारों ने बीकानेर को देशभर में अलहदा पहचान दिलाई है। जोशी इसी परंपरा से आते हैं। उन्होंने प्रत्येक रचना के साथ सामाजिक सरोकार का कोई संदेश देने का प्रयास किया है। जोशी ने साहित्य फलक पर अपनी विशेष पहचान स्थापित की है। जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ हरिशंकर आचार्य ने कहा कि सही मायनों में वही साहित्य अर्थपूर्ण होता है, इसे सामान्य पाठक समझ सके। शब्दरंग संस्थान के सचिव और गीतकार राजाराम स्वर्णकार ने कहा कि साहित्यिक क्षेत्र में सतत और विशेष योगदान के लिए जोशी को शब्दरंग का 'साहित्य मित्र सम्मान' अर्पित किया गया। उन्होंने बताया कि जोशी के छह कविता संग्रह, नौ कहानी संग्रह, पांच अनुवाद की पुस्तकें, इसके अतिरिक्त जीवनी,सम्पादन सहित अनेक चर्चित पुस्तकें प्रकाशित हुई है।

बीकानेर में 31 जर्जर डिस्पेंसरी दे रही है हादसे को न्यौता

■ **बीकानेर जिले में स्कूल ही नहीं सरकारी डिस्पेंसरियों के हालात भी अच्छे नहीं हैं। दीवारें फटी हुई हैं, पट्टियां टूटी हुई हैं, छत लोहे के एंगल पर टिकी है तथा बारिश में छतों से पानी गिरता है**

बीकानेर, (कासं)। जिले में स्कूल ही नहीं सरकारी डिस्पेंसरियों के हालात भी अच्छे नहीं हैं। दीवारें फटी हुई हैं, पट्टियां टूटी हुई हैं। छत लोहे के एंगल पर टिकी है। बारिश में छतों से पानी गिरता है। सिटी डिस्पेंसरी नंबर एक का डॉक्टर रूम तो बंद ही कर दिया गया है। झालावाड़ में स्कूल ध्वस्त होने से बच्चों की मौत के बाद चेती सरकार अब राज्यभर में पुराने सरकारी भवनों का सर्वे करवा रही है।

जिले के स्वास्थ्य विभाग की डिस्पेंसरियों की पड़ताल की तो चौंकाने वाले हालात नजर आए। जिले में कुल 73 यूपीएचसी, सीएचसी, पीएचसी और उप-स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत खराब है। इनमें से 31 जर्जर हालात में हैं। उनका कोई भी हिस्सा कभी भी गिर सकता है। बाकी सभी मरम्मत की मांग कर रहे हैं। इन भवनों की सूची मई में जिला कलेक्टर को भेजी गई थी, लेकिन अभी तक मरम्मत के प्रस्ताव ही तैयार नहीं हुए हैं।

एनएचएम और पीडब्लयूडी के पास भी इनकी मरम्मत को लेकर कोई गाइडलाइन नहीं है। सीएमएचओ स्तर पर इन सभी भवनों की फैक्चुअल रिपोर्ट मंगवाई जा रही है। यह देखा जा रहा है कि किस भवन में कितना हिस्सा मरम्मत योग्य है या गिराकर नया बनवाना है। स्थिति यदि ज्यादा खराब है तो सभी बीसीएमओ से दूसरी डिस्पेंसरी में शिफ्ट करने को कहा गया है। डिस्पेंसरी की दीवारों में कई जगह सीलन आ रही है। डिस्पेंसरी प्रभारी डॉ. बिन्दु बाला मित्तल ने बताया कि पीछे की तरफ सफील की दीवार से सटे निजी भवन का एक हिस्सा बारिश के कारण 14 जुलाई को ढह गया था, जिससे डिस्पेंसरी को खतरा बना हुआ है। भवन मालिक की कटले में दुकान है। उन्हें कई बार कहा जा चुका लेकिन मरम्मत नहीं करवा रहे हैं। निगम उपायुक्त को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। इस पूरे एरिया में कोटगेट की सफील पर कब्जे हो गए हैं।

इसे सिटी डिस्पेंसरी नंबर एक भी कहा जाता है। रियासतकालीन भवन है। कई बार मरम्मत हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी वर्तमान में जर्जर हालत में है। यहां पर नर्सिंग ऑफिसर सुनीता डॉक्स रूम में बैठती हैं। सोमवार को अचानक छत से भारी मात्रा में चूना उन पर गिर पड़ा। घबरा कर बाहर दौड़ी। अब रूम को बंद कर दिया गया है। भवन में कई जगह पट्टियों और दीवारों में सीलन है। बारिश में पानी गिरता है। डॉ. कपिल सारस्वत ने बताया कि भवन को मरम्मत की जरूरत है। पीछे का हिस्सा कभी भी गिर सकता है।

सरकारी डिस्पेंसरी भुजिया बाजार में है। भवन का एक हिस्सा जमीन से लेकर छत तक फट चुका है। पट्टियां क्रैक हो चुकी हैं। गिरे नहीं इसलिए उन्हें लोहे के एंगल का सपोर्ट दिया हुआ है। प्रभारी डॉ. मनोज सैनी ने बताया कि पूरे भवन में जगह-जगह सीलन है। पट्टियां खुली हुई हैं। बारिश होने पर हर कमरे में पानी गिरता है। इस भवन में करीब 50 साल से डिस्पेंसरी चल रही है। उससे पहले कोतवाली थाना लगता था। सबसे पुराना भवन है। शहर के भीतरी हिस्से में होने से रोज करीब 300 मरीजों की ओपीडी रहती है। इस भवन को तोड़कर नया बनाया जाना चाहिए।

ये डिस्पेंसरियों मरम्मत योग्य हैं राणेर, दामोलाई, यूपीएचसी 1, यूपीएचसी 3, यूपीएचसी 5, गजनेर, किलचू, अक्कासर, बरसलपुर, आरडी 820, बादनू, बंबलू, नूरसर, रायसर, हेमेरा, बेनीसर, सत्तासर, मणकरासर, धनेरू, नोसरिया, बाना, जोधासर, नारसीसर, जेतासर, ठुकरियासर, जालबसर, 4बी1केजेडी, रानीसर, रामड़ा, डंडी, शेरपुरा राणेर, मढ़, भाणेका गांव, माणकासर, भूरासर आबादी, जग्गासर, करणीसर, राववाला, चारणवाला, गोगडियावाला, सेवड़ा। इनकी हालत जर्जर है। यूपीएचसी 2, मूंडसर, टेऊ, कुंतासर, धीरदेसर पुरोहितान, बापेऊ, 22केवाईडी, सियासर पंचकोसा, रामनगर, बीठनोक, गुड़ा, नोखड़ा, टोकला, छिला कश्मीर, मसूरी, गजसुखदेसर, तर्डों की ढाणी, धरनोक, जेडी मगरा, सुरजनसर, देराजसर, सोढ़वाली, गाकूल, राणेर, 2केडब्लयूएम, उदासर, बच्छासर और कावनी।

मकान की दीवार गिरी : बीकानेर में रत्ताणी व्यासों के चौक में एक पुराने मकान की दीवार गिर गई। लम्बे समय से जर्जर इस मकान की दीवार के गिरने की आशंका बनी हुई थी।

शहर के मोहता चौक से नत्थूसर गेट की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग के बीच रत्ताणी व्यासों के चौक में बने इस मकान की एक दीवार ढह गई है। पहले से जर्जर इस मकान की दीवार बुधवार सुबह गिरी। गनीमत रही कि इस समय मौके पर कोई नहीं था। दीवार के पास ही दो साइकिल खड़ी थी, जो दीवार के मलबे में दब गई। दीवार का काफी मलबा सड़क पर भी आ गया, जिससे रास्ता बाधित हो गया।

बीकानेर के पुराने शहर क्षेत्र में बड़ी संख्या में मकान जर्जर अवस्था में हैं। रत्ताणी व्यासों के चौक में जो दीवार ढही है। उसके पास ही एक बड़ी इमारत भी खतरा बन रही है। इसके अलावा मोहता चौक क्षेत्र में भी कुछ मकानों के गिरने की आशंका बनी हुई है। नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वे शुरू किया है और इन मकानों को चिन्हित किया है। अब तक किसी मकान को गिराने का काम निगम ने अपने स्तर पर नहीं किया है।

डेरा के पास से 27 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। सदर थाना पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के तहत 27.33 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 15,200 रूपए की हेरोइन बिक्री राशि भी बरामद की गई है।

सदर थाना पुलिस ने राधास्वामी डेरा के पास से गुरविंदर सिंह उर्फ गुरी को 27.33 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 15,200 रुपये की हेरोइन बिक्री राशि भी बरामद की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए ऑपरेशन सीमा संकल्प चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत मेडिकेटेड नशा और मादक पदार्थों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस थाना सदर श्रीगंगानगर के उप-निरीक्षक जीतराम के नेतृत्व में थाना स्टाफ ने गश्त के दौरान यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी गुरविंदर सिंह पदमपुर रोड श्रीगंगानगर चक 4 ए छोटी का रहने वाला है।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है। अनुसंधान पुलिस थाना जवाहर नगर के उप निरीक्षक राजकुमार मजोका को सौंपा गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। गुरविंदर सिंह का पहले से ही आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ चार मामले दर्ज हैं। इनमें मारपीट, घर में घुसकर हमला, चोरी और शराब से संबंधित मामले शामिल हैं। इस कार्रवाई में कांस्टेबल रघुवीर सिंह की विशेष भूमिका रही है।

सार-समाचार

पानी की टंकी पर चढ़ना महंगा पड़ा

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ क्षेत्र के गांव 1 एलएलपी पालीवाला में अनाधिकृत रूप से जलदाय विभाग के ओवर हैड पानी की टंकी पर चढ़ने तथा उनकी सुरक्षार्थ के लिये लगाये गये नागरिक सुरक्षा विभाग के जवानों व संसाधनों पर हुए व्यय का पुनर्भरण संबंधित व्यक्तियों से किया जायेगा। उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा श्रीगंगानगर ने बताया कि सड़क कार्य के संबंध में विरोध को लेकर महेन्द्र सांदेल पुत्र गुरदयाल राम निवासी 1 एलएलपी व चन्द्र उर्फ सत्यनारायण पुत्र प्रेम कुमार निवासी 1 एलएलपी ने 28 जुलाई को जलदाय विभाग के ओवर हैड पानी की टंकी पर प्रशासन को सूचित किये बिना व बिना अनुमति के चढ़ गये। जिला प्रशासन द्वारा दोनों को ओवर हेड पानी की टंकी से उतारने हेतु समझाईश की गई लेकिन दोनों नीचे नहीं उतरे। पानी टंकी से कूदकर आत्महत्या करने पर आमदा रहे। दोनों नागरिकों की सुरक्षा के लिये नागरिक सुरक्षा के जवान रेस्क्यू कार्य हेतु दो दिवस मौजूद रहे। दोनों की सुरक्षा के लिये नागरिक सुरक्षा विभाग के सदस्यों एवं राजकीय वाहनों को उपयोग में लिया गया, जिस कारण राजकीय कोष पर अतिरिक्त व्यय भार हुआ। अतिरिक्त व्यय राशि 39692 रूपये की राशि पत्र प्राप्ति के 10 दिवस में जमा करवाकर रसीद प्राप्त करनी होगी। नियत अवधि में राशि जमा नहीं करवाने पर दोनों पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

सितम्बर माह का गेहूं आवंटित

बीकानेर, (कासं)। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सितम्बर माह के लिए जिले को 60 हजार 630.60 क्विंटल गेहूं का आंवटन किया गया है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने भारतीय खाद्य निगम बीकानेर से गेहूं का सम्पूर्ण उठाव 31 अगस्त माह में सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं। गेहूं का वितरण अन्त्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल, पीएचएच श्रेणी के राशनकार्ड धारियों को नि:शुल्क किया जायेगा।

नोखा में कातरा लट से फसलें नष्ट

नोखा, (कासं)। नोखा उपखंड क्षेत्र में फसलों पर कातरा लट का जबरदस्त प्रकोप देखा जा रहा है। अच्छी बरसात होने के बावजूद ये कीट खेतों में बोई गई फसलों को नष्ट कर रहा है।

सूचना के अनुसार सैकड़ों बीघा में किसानों की फसल कातरे द्वारा नष्ट की जा चुकी है। इस कीट से परेशान होकर किसान उपखंड कार्यालय पहुंचे। भादला गांव के गिरधारी लाल के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम गोपाल जांगिड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने विशेष गिरदावरी करवाने और फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग की है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच लिखमाराम सियाग, जोगेंद्र सिंह, नारायणराम, नत्थाराम, हेमाराम आदि मौजूद थे।

तुलसीदास जयंती आज

बीकानेर, (कासं)। शहर में पहली बार संत शिरोमणि रामचरित मानस के रचियता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर एक समय एक साथ 41 राम मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ होंगे।

शहर की तमाम मानस मंडलियों ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। मानस के प्रचार में जुटी विभिन्न समितियां पहली बार ये अनूठा इतिहास रचने जा रही है। इस अवसर पर अलग अलग साधु संतों का सानिध्य भी मिलेगा तथा उनके सानिध्य में तुलसी जयंती धूमधाम के साथ मनाई जायेगी।

आयोजन से जुड़े वरिष्ठ मानस प्रेमी नरेश पुरोहित ने बताया 31 जुलाई को तुलसीदास जयंती पर शाम सवा 7 से लेकर रात सवा 9 बजे तक शहर के तमाम राम मंदिरों में संगीतमयी सुंदरकांड के पाठ करेंगे।

राजस्थान आवासन मण्डल (राज. आवा. मण्डल अधिनियम 1970 के तहत् गठित राज्य सरकार का उपक्रम) वृत्त-बीकानेर,

क्रमांक :-उआआ/आगूचबी/बीका/2025-26/345 दिनांक:-24.07.25

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल में श्री श्रवण परेवा पुत्र श्री कालूराम परेवा को आवासीय भूखण्ड आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को वाद संख्या 7(210)/9/25 आवासीय भूखण्ड सं.1-बी-901 शिवबाडी आवासीय योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 210.00 वर्गमीटर का आंवटन पत्र क्रमांक 841 दिनांक 17.11.2022 को जारी किया गया था। उक्त आवासीय भूखण्ड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 29.11.2022 से पंजीकृत हैं। तत्पश्चात् मूल आवंटी श्री श्रवण परेवा पुत्र श्री कालूराम परेवा ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बैचान विक्रय विलेख के माध्यम से श्रीमति स्नेहलता पत्नी श्री प्रवीण कुमार मेघवाल को किया गया। उक्त विक्रय विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 27.05.2023 से पंजीकृत हैं। श्रीमति स्नेहलता पत्नी श्री प्रवीण कुमार मेघवाल ने समस्त पंजीयन प्रपत्रो की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति स्नेहलता पत्नी श्री प्रवीण कुमार मेघवाल का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति स्नेहलता पत्नी श्री प्रवीण कुमार मेघवाल का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त बीकानेर

राजस्थान आवासन मण्डल (राज. आवा. मण्डल अधिनियम 1970 के तहत् गठित राज्य सरकार का उपक्रम) वृत्त-बीकानेर,

क्रमांक :-उआआ/आगूचबी/बीका/2025-26/347 दिनांक:-24.07.25

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल में श्री श्रवण परेवा पुत्र श्री कालूराम परेवा को आवासीय भूखण्ड आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को वाद संख्या 7(210)/9/25 आवासीय भूखण्ड सं.1-बी-900 शिवबाडी आवासीय योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 210.00 वर्गमीटर का आंवटन पत्र क्रमांक 841 दिनांक 17.11.2022 को जारी किया गया था। उक्त आवासीय भूखण्ड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 29.11.2022 से पंजीकृत हैं। तत्पश्चात् मूल आवंटी श्री श्रवण परेवा पुत्र श्री कालूराम परेवा ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बैचान विक्रय विलेख के माध्यम से श्री चेतराम पुत्र श्री बोदन लाल मेघवाल को किया गया। उक्त विक्रय विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 31.05.2023 से पंजीकृत हैं। श्री चेतराम पुत्र श्री बोदन लाल मेघवाल ने समस्त पंजीयन प्रपत्रो की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री चेतराम पुत्र श्री बोदन लाल मेघवाल का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति श्वेता धर्मपत्नी श्री अशोक परिहार का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त बीकानेर

संविधान बचाओ सभा में भाजपा सरकार पर निशाना साधा

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर पूर्व और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की संविधान बचाओ रैली सभा रविन्द्र रंगमंच पर सम्पन्न हुई।

संविधान बचाओ रैली सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज यह चलन बन गया है कि सरकार की आलोचना कर दो आप देश द्रोही करार दिए जाओगे। झूठ बोलकर लोगों में भ्रम पैदा करके ये देश के सौहार्द को बिगड़ने का कार्य करते हैं। पहलगाम में 26 लोग मारे गए कोई जांच नहीं, भारत सरकार ये बताने भी नाकाम की चूक कहां हुई और जिनसे चूक हुई। उन्होंने इस्तीफा दिया क्या। लोकतंत्र में इस पर भी बात ना करना तानाशाह शासन का प्रतीक है।

प्रयागराज में भगदड़ में बड़ी संख्या में जान गई लेकिन उसको भी

■ **पहलगाम में 26 निर्दोश लोगों के मारे जाने पर सरकार को घेरा**

भाजपा राज में छुपाया गया। अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि भारत देश में अमीर और गरीब के बीच जो खाई बढ़ी है उसको कम करना। जबकि भाजपा सिर्फ अमीर को और अधिक अमीर बनाना चाहती है। लेकिन कांग्रेस इस लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ कोई भी कार्य हो उसके लिए लड़ाई लड़ने में पीछे नहीं हटेगी। रविन्द्र रंगमंच पर पहुंचने पर जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत और पूर्व मंत्री बी. डी. कल्ला द्वारा 51 किलो की बड़ी तिरंगी माला, शॉल साफा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वागत उद्बोधन यशपाल गहलोत ने देते हुए जिला कांग्रेस की तरफ से कोई कसर इस जनांदोलन में नहीं रखने का संकल्प बताया। संविधान बचाओ रैली सभा को पूर्व मंत्री बी. डी. कल्ला, गोविंदराम मेघवाल,भंवर सिंह भाटी, धर्मेन्द्र राठौड़, विधायक सुशीला डूडी, विधायक और प्रभारी शिमला नायक, देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग, महेन्द्र गहलोत, लक्ष्मण कड़वासरा, मदनगोपाल मेघवाल, प्रदेश महासचिव जियाउर रहमान आरिफ, गजेन्द्र सिंह सांखला, शिवलाल गोदारा, डॉ. राजेंद्र मुंड, मंगलाराम गोदारा, पवन गोदारा, विधायक सोहन नायक, मंगलाराम गोदारा, विधायक डूंगर राम गेदर, जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने संबोधित करते हुए संविधान बचाने की हर लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर बीकानेर शहर के वरिष्ठ नेता गण शामिल थे।

कीटनाशक पीने से बच्चे की तबीयत बिगड़ी

श्रीगंगानगर,(कासं)। श्रीविजयनगर क्षेत्र के 7 बीएलडी गांव में बुधवार को एक घटना सामने आई। यहां सात वर्षीय गुरदास खेलते समय घर में रखे कीटनाशक को पी गया।

बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत राजकीय चिकित्सालय श्रीविजयनगर लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को देखते हुए श्रीगंगानगर रेफर कर दिया। घटना के अनुसार 7 बीएलडी निवासी गुरदास घर में खेल रहा था। इसी दौरान घर में रखे कीटनाशक की बोतल उसके हाथ लग गई। परिजनों का कहना है कि गुरदास ने गलती से इसे पी लिया। कुछ ही देर में तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गया। मासूम को बेसुध देख परिजन घबरा गए। उन्होंने तुरंत उसे श्रीविजयनगर के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बच्चे की हालत देख उसे श्रीगंगानगर रेफर कर दिया।

कुचीलपुरा में सीवर जाम होने से गंदगी सड़कों पर

बीकानेर, (कासं)। शहर के व्यस्ततम और घनी आबादी वाले क्षेत्र मोहल्ला कुचीलपुरा में सीवर जाम और गंदगी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। पिछले आठ से दस दिनों से यहां सीवर लाइनों में रूकावट के चलते गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आमजन का सड़क पर चलना दूभर हो गया है।

पाले की टाल से कायमखानी स्कूल तक का इलाका सबसे अधिक प्रभावित है। स्थानीय निवासियों के अनुसार सीवर चैम्बर पूरी तरह जाम है और कई बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कायमखानी स्कूल के पास स्थित सीवर चैम्बर से लगातार पानी बहने से छात्र-छात्राओं को स्कूल आते-जाते समय भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। हुसैनी चौक में भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे दुर्गन्ध फैल रही है और मच्छर जनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया

■ **कुचीलपुरा में सीवर जाम और गंदगी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है**

■ **दस दिन से सीवर लाइनों में रूकावट के चलते गंदा पानी सड़कों पर बहने से लोग परेशान हैं**

कि लगातार शिकायतों के बाद भी नगर निगम प्रशासन की ओर से सफाई या सीवर लाइन की मरम्मत का कोई कार्य नहीं किया गया है। स्थानीय निवासी शरीफ गौरी, इकबाल, सलीम, अकबर, अकरम जोया सहित मोहल्ला वासियों ने नगर निगम आयुक्त से गुहार लगाई है।

विद्यालयों में बैग वितरित

बीकानेर, (कासं)। रामप्रताप हनुमानदास मूंधड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित चार दिवसीय नि:शुल्क बैग वितरण अभियान के तीसरे दिन इंदिरा कॉलोनी प्राथमिक विद्यालय एवं नेहरू बस्ती उच्च प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए।

इस अवसर पर ट्रस्ट की प्रतिनिधि सरिता मूंधड़ा ने ड्राइवर सहायक पवन शर्मा और राजू लोहार के साथ बैग वितरण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मगनाराम नायक और मोहम्मद मुस्तफा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने ट्रस्ट के बैग वितरण कार्य की सराहना की।

चिकित्सक से फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम अग्रवाल से हिस्ट्रीशीटरों द्वारा 25 लाख की फिरौती मांगने के मामले में नयाशहर पुलिस ने एक जने को पकड़ा है।

थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी ने बताया कि साइबर सेल के एएसआई दीपक यादव के इनपुट पर भवानी नाम के लड़के को दस्तयाब किया है। भवानी प्रकरण का मास्टर माइंड विष्णु का रिश्तेदार है। इस मामले में विष्णु साध, अभिषेक पंवार भी नामजद थे। जिनकी गिरफ्तारी जल्द की जायेगी।

गौरतलब रहे कि परिवादी डॉ. श्याम अग्रवाल ने बताया कि वह मालियों के मोहल्ले में एक शिशु अस्पताल संचालित करते हैं। 24 जुलाई की रात करीब पौने दो बजे विष्णु साध, अभिषेक पंवार सहित कुछ अन्य लोग उनके पास पहुंचे और 25 लाख रूपये की फिरौती की मांग की।

■ **शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम अग्रवाल से 25 लाख की फिरौती मांगी थी**

साथ ही हर माह एक लाख रूपये की बंधी देने का दबाव बनाया। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। अगले दिन दोपहर को आरोपी दोबारा डॉक्टर की क्लीनिक में आये और उनके चैम्बर में घुसकर दुबारा धमकाया। यह पूरी घटना क्लीनिक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। धमकी की ऑडियो क्लीप भी डॉक्टर ने रिकॉर्ड कर रखी थी, जिसे उन्होंने पुलिस को सौंप दिया है। डॉ.अग्रवाल की शिकायत पर नयाशहर पुलिस ने विष्णु साध, अभिषेक पंवार सहित दो-तीन अन्य युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चैन स्नेचिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। कोटगेट थाना पुलिस ने डीआरएम ऑफिस के पास महिला के गले से सोने की चैन तोड़कर फरार हुए दो अभियुक्तों को गंगानगर से पड़ा है।

9 जुलाई को पटेल नगर निवासी कमला देवी डीआरएम ऑफिस के पास से गुजर रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर अचानक आए दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चैन तोड़ ली और फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी खंगाले, जिसके आधार पर छानबीन कर चेन तोड़ने वालों को नामजद किया। कोटगेट पुलिस थाने के एसएचओ विश्वजीत सिंह ने बताया कि चैन स्नेचर श्रीगंगानगर में रायसिंहनगर निवासी राहुल उर्फ कालू भार्गव व भोमपुरा निवासी अजय कुमार मिरासी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।

नर्सिंग कर्मियों और मेडिकल स्टोर संचालकों में हाथापाई

अनूपगढ़, (कासं)। रावला के सरकारी अस्पताल में दो नर्सिंगकर्मियों के साथ मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा हाथापाई का मामला सामने आया है।

नर्सिंगकर्मियों का आरोप है कि स्टोर संचालक उन पर अस्पताल से बाहर के इंजेक्शन मरीजों को लगाने का दबाव बना रहे थे। नर्सिंगकर्मी रामचंद्र और सुनील ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे मेडिकल स्टोर संचालकों ने उन्हें फोन कर धमकी दी। उन्होंने कहा कि मरीजों को बाहर से इंजेक्शन मंगवाकर लगाया करो। जब नर्सिंगकर्मियों ने ऐसा करने से मना किया तो स्टोर संचालकों ने अगले दिन अस्पताल में देख लेने की धमकी दी। बुधवार को जब दोनों नर्सिंगकर्मी अस्पताल पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद चार-पांच लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज और हाथापाई की। इस

■ **रावला के सरकारी अस्पताल का मामला**

■ **बाहर के इंजेक्शन लगाने का दबाव बनाने का आरोप, सीएमएचओ के हस्तक्षेप से हुआ समझौता**

घटना से अस्पताल कर्मचारियों में रोष फैल गया।

अस्पताल स्टाफ ने इसकी शिकायत सीएमएचओ अजय सिंगला से की। सीएमएचओ के निर्देश पर घडसाना के बीसीएमओ डॉक्टर भागीरथ बाजवा मौके पर पहुंचे। उन्होंने रावला के सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को कोई भी डॉक्टर बाहर की दवाई नहीं लिखेगा।

बीसीएमओ ने बताया कि उन्होंने सरकारी अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर सुशील चोटिया सहित कार्मिकों से पूरी जानकारी ली है। अस्पताल के सभी डॉक्टर्स को बाहर से इंजेक्शन या दवाई नहीं लिखने के लिए पाबंद किया गया है। इसके बावजूद भी अस्पताल टाइम में कोई चिकित्सक बाहर की दवाई या इंजेक्शन लिखता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। कार्मिकों और मेडिकल स्टोर संचालकों के बीच विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि दोनों को बुलाकर आपसी मतभेद भुलाकर समझौता करवा दिया है। भविष्य में हॉस्पिटल कार्मिक गाइडलाइन के मुताबिक ही काम करेंगे।

किसानों ने किया स्मार्ट मीटर का विरोध

नोखा, (कासं)। किसानों ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया। बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा नागौर के सचिव मोतीलाल शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर बिजली कंपनियों द्वारा आम उपभोक्ताओं से लूट की योजना है। उन्होंने बताया कि इसका पूरे प्रदेश में विरोध किया जायेगा। किसान सभा की ओर से बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति बनाकर विरोध किया जायेगा। किसान सभा किसी भी सूरत में बिजली कंपनियों को स्मार्ट मीटर नहीं लगाने देगी। अखिल भारतीय किसान सभा नोखा के संयोजक मण्डल की मीटिंग जाट धर्मशाला नोखा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल पुरखाराम देपन, रामेश्वरलाल सारण और हजारीराम बिश्नोई ने की।

बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा नागौर के सचिव मोतीलाल शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर बिजली कंपनियों द्वारा आम उपभोक्ताओं से लूट की योजना है। उन्होंने बताया कि इसका पूरे प्रदेश में विरोध किया जायेगा। किसान सभा की ओर से बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति बनाकर विरोध किया जायेगा। किसान सभा किसी भी सूरत में बिजली कंपनियों को स्मार्ट मीटर नहीं लगाने देगी। जेठाराम लखुसर ने किसान सभा की संगठनात्मक चर्चा करते हुए जिले में सोलर कंपनियों द्वारा खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाने की मांग की। नोखा में 21 सदस्यीय संयोजक मंडल में यह फैसला हुआ कि किसान सभा की संगठनात्मक क्षमता बढ़ाकर आंदोलन का विस्तार किया जायेगा। नोखा गांव और बुधरों की ढाणी में पॉवर ट्रांसमिशन 765 लाइन में आने वाले किसानों को मुआवजा बढ़ाकर चार गुना देने की मांग की गई।

बीकानेर से किसान सभा के छोगाराम तर्ड ने बताया कि 1 अगस्त से 15 अगस्त के बीच पूरे प्रदेश भर में एक्सएईन कार्यालयों पर प्रदर्शन होगा। युवा किसान नेता दिनेश ज्याणी लालसर ने बताया कि आगामी 9 अगस्त को नोखा में किसान सभा का प्रथम सम्मेलन करके आंदोलन की शुरूआत की जायेगी। उसी दिन कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन दिया जायेगा।

नाबालिग से रेप का आरोपी